कैनवस के जूते
(स्नीकर्स) कैसे बनते हैं

डेरेक मिलर



कैनवस के जूते (स्नीकर्स)

चलने-फिरने में हमारी मदद करते हैं.

वे दौड़ने में हमारी मदद करते हैं.

वे बाहर खेलने में हमारी मदद करते हैं.



कैनवस के जूतों में एक तला

और एक ऊपरी भाग होता है.

तला नीचे का हिस्सा होता है.


ऊपरी भाग में बाँधने के लिए फीते होते हैं.



तला रबर का बना होता है.

रबर ज़मीन को पकड़ता है.

वो आपको फिसलने से बचाता है.



रबर का तला मज़बूत होता है.

नुकीली चीज़ें उसमें घुस नहीं सकतीं हैं.

तला आपके पैर को सुरक्षित रखता है.



ऊपरी हिस्सा मोटे कपड़े

(कैनवस) का बना होता है.

मोटे कपड़े या कैनवस को

टुकड़ों में काटा जाता है.

फिर उन टुकड़ों को एक-साथ सिला जाता है.



कपड़ा मुलायम होता है.

वो आरामदायक होता है.

वो आपके पैरों को गर्म रखता है.




ऊपरी हिस्सा आपके पैर को

सुरक्षित रखता है.

फीते ऊपरी हिस्से का भाग होते हैं.

फीतों को कसकर बाँधा जा सकता है.

उससे कैनवस के जूते पैर में फिट बैठते हैं.



फिर ऊपरी हिस्से और तले को

एक साथ जोड़ा जाता है.

कभी-कभी उन्हें आपस में सिला भी जाता है.

कभी-कभी उन्हें आपस में चिपका दिया जाता है.



अब आपके कैनवस के जूते तैयार हैं.

जूते के सभी हिस्से एक साथ काम करते हैं.

कैनवस के जूते आपके पैरों में

अच्छी तरह फिट होते हैं.

कैनवस के जूते चलने-फिरने में

आपकी मदद करते हैं!

